**GOVERNMENT OF HARYANA**
**OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL, TREASURIES & ACCOUNTS DEPARTMENT, HARYANA.**
**(ADMINISTRATION BRANCH)**
**2nd Floor, 30-Bays Building, Sector 17-C, Chandigarh – 160017 (UT).**
**Telephone No. : 0172-2927072, 0172-2922232.**
**e-mail :- treasuries@hry.nic.in, website : hrtreasuries.gov.in**

**ई–मेल/वैबसाईट के माध्यम से**

सेवा में

हरियाणा राज्य में सभी विभागाध्यक्ष।

यादि कमांकः टीए–हर(3टी)2025/ दिनांक :

**विषय :** **खजाना संगठन में लिपिक के पद पर स्थानांतरण आधार पर नियुक्ति बारे।**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

2. विषयालिखित मामले में आपको सूचित किया जाता है कि इस विभाग के खजाना संगठन (फील्ड काडर) में लिपिक के 31 पद रिक्त है जोकि स्थानांतरण आधार पर भरे जाने है। इन पदों को विभागीय सेवा–नियमानुसार हरियाणा सरकार के अन्य विभागों में कार्यरत उन लिपिकों के माध्यम से भरा जाना है जो बतौर लिपिक कम से कम 02 वर्ष का कार्य अनुभव, एस0ई0टी0सी0 पास व जिसके विरूद्ध कोई जांच/शिकायत/चार्जशीट लंबित न हो तथा जिसकी गोपनीय रिपोर्ट में कोई प्रतिकूल टिप्पणी एवं ईमानदारी बारे संदेह न हो।

अतः उपरोक्त अनुसार यदि आपके विभाग में कोई लिपिक इस विभाग के खजाना संगठन (फील्ड काडर) में लिपिक के पद पर स्थानांतरण आधार पर नियुक्ति का ईच्छुक हो और उक्त वर्णित शर्तें पूर्ण करता हो, तो उस लिपिक का नाम गोपनीय रिपोर्ट समरी सहित उचित माध्यम से इस विभाग को दिनांक 30–09–2025 तक भिजवाना सुनिश्चित करें। इस विभाग में स्थाई होने तक कर्मचारी का लियन उसके पैतृक (Parent) विभाग में रहेगा। निर्धारित तिथि उपरांत भेजे गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

-sd-
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कृतेः महानिदेशक, खजाना तथा लेखा विभाग,
हरियाणा, चण्डीगढ़।

पृ0 कमांक टीए–हर(3टी)2025/ 6168 दिनांक : 10/09/2025

उपरोक्त की एक प्रति श्री सुनील बहल, प्रोग्रामर को विभाग की वैबसाईट पर अपलोड करने के निर्देश के साथ भेजी जाती है।

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कृतेः महानिदेशक, खजाना तथा लेखा विभाग,
हरियाणा, चण्डीगढ़।